फा.सं.12(3)/2025-रक्षा(समन्वय/डीडीपी)

भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा उत्पादन विभाग

*****

कमरा सं. 252, 'बी' विंग

सेना भवन, नई दिल्ली

दिनांक 13th फरवरी, 2025

रिक्ति परिपत्र

**विषय:- रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय में संविदा क्रय अधिकारी-सह-उप-निदेशक के दो पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में।**

रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय में संविदा क्रय अधिकारी-सह-उप-निदेशक के दो पद को प्रतिनियुक्ति आधार पर भरने के लिए अनुबंध-1 में निर्धारित पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

2. पद के लिए इच्छुक अधिकारियों को बाद में अपने नाम वापस लेने के अनुमति नहीं होगी। केवल ऐसे आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिनके साथ अनुबंध-।। के भाग-क के अनुसार अपेक्षित निजी जानकारी, अनुबंध ।। के भाग-ख के अनुसार निर्धारित प्रोफार्मा में संवर्ग नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा अपेक्षित प्रमाण पत्र और दस्तावेज संलग्न हों।

3. अनुरोध है कि पात्र अधिकारियों जो उक्त पद के लिए विचार किए जाने हेतु इच्छुक हैं और जिन्हें कार्यमुक्त किया जा सकता है, के आवेदन एम्प्लायमेंट न्यूज/रोजगार समाचार में इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से छः सप्ताह के भीतर निम्नलिखित पते पर इस विभाग (उचित माध्यम से) को भेजे जा सकते हैं।

**अवर सचिव**
**रक्षा (समन्वय-।/डीडीपी)**
**कमरा सं. 252, 'बी' विंग, द्वितीय तल**
**सेना भवन**
**नई दिल्ली 110011**

4. उन आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा, जो निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होते हैं अथवा निर्धारित प्रपत्र में नहीं है अथवा जो अपेक्षित दस्तावेजों के बिना प्राप्त होते हैं।

(लामतिनलिएन गांगते)
अवर सचिव, भारत सरकार

सेवा में,

1. भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग
2. सी.एस (1), कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग, (उपर्युक्त रिक्ति परिपत्र को व्यापक प्रसार के लिए अपनी बेबसाइट पर देने के अनुरोध के साथ।
3. रक्षा (आईटी)/एनआईसी, रक्षा मंत्रालय (परिपत्र को रक्षा मंत्रालय की बेबसाइट और ई-आफिस पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ)।
4. सीईओ, डीपीआईटी-परिपत्र को रक्षा उत्पादन विभाग की बेबसाइट पर अपलोड करने के लिए।

प्रतिलिपि:

1. रक्षा वित्त सहित रक्षा मंत्रालय (सचिवालय) में सभी अवर सचिव-पद के लिए पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले पात्र अधिकारियों से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित संयुक्त सचिवों द्वारा विधिवत रूप से संस्तुत आवेदन भेजें।
2. संयुक्त सचिव (पीजी एवं कॉर्ड) एवं सीएओ का कार्यालय, रक्षा मंत्रालय- अनुरोध है कि इस परिपत्र का व्यापक प्रचार किया जाए।
3. सीजीडीए, पश्चिम ब्लॉक, आर के पुरम, नई दिल्ली
4. भारत सरकार के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली
5. डीजीक्यूए/डीजीएक्यूए
6. आयुध महानिदेशक, आयुध निदेशालय (सीएंडएस), 10-शहीद खुदीराम बोस रोड, कोलकाता
7. महानिदेशक, रक्षा संपदा, रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली
8. कार्मिक निदेशक, डीआरडीओ, रक्षा मंत्रालय

अनुबंध-I

**रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर संविदा क्रय अधिकारी-सह-उप-निदेशक के पद हेतु पात्रता मानदंड**

1. पद : संविदा क्रय अधिकारी-सह-उप निदेशक (सामान्य केंद्रीय सेवा, समूह 'क' राजपत्रित गैर-लिपिकवर्गीय)

2. वेतनमान : स्तर 11 पर वेतन (67700-2,08,700 पे [(वेतन मैट्रिक्स/पे बैंड 3: 15600-39100/-रू.+6600/-रू. ग्रेड पे (पूर्व संशोधित)]

3.पात्रता मानदंड:

(क) केंद्र सरकार के अधिकारी

(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सदृश्य पद धारित करने वाले।

या

(ii) [वेतन मैट्रिक्स (पे बैंड 3: 15600-39100/-रू. और 5400/-रू. ग्रेड (पूर्व संशोधित)] में लेवल 10 (56100-177500 रू.) में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात प्रदत्त ग्रेड में 5 वर्षों की नियमित सेवा अथवा मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य।

और

(ख) संविदा दस्तावेजों और आपूर्ति ऑर्डरों को तैयार और जारी करने तथा क्रय और आपूर्ति संबंधी संविदागत मामलों की देखभाल करने का 5 वर्षों का अनुभव हो।

4. प्रतिनियुक्ति की अवधि:

केंद्र सरकार के समान या किसी अन्य संगठन/विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पूर्व धारित अन्य गैर-संवर्ग पद पर प्रतिनियुक्ति की अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतया 4(चार) वर्ष से अधिक न हो।

प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि पर 56 (छप्पन) वर्ष से अधिक न हो।

प्रतिनियुक्ति पर नियुक्ति की अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 56 (छप्पन) वर्ष की होगी।

भाग-क

रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय में प्रतिनियुक्ति आधार पर संविदा क्रय अधिकारी-सह-उपनिदेशक के पद हेतु प्रायोजित व्यक्तियों का जीवनवृत्त।

1. नाम ओर पता :
   (बड़े अक्षरों में)
2. जन्मतिथि :
   (की पूरी की गई आयु का वर्ष)
3. पदनाम :
4. कार्यालय जहां कार्यरत हैं :
5. वेतनमान एवं वर्तमान वेतन :
6. (क) किस सेवा एवं बैच से संबंधित है। :
   (ख) धारित मूल नियुक्ति, यदि कोई है
7. शैक्षणिक योग्यता :
8. पद के लिए आवश्यक अर्हताएं/ अनुभव पूरा करते हैं। :

| आवश्यक अर्हताएं/अनुभव | अधिकारी की अर्हताएं/अनुभव |
|---|---|
| क. केंद्र सरकार के अधीन अधिकारियों के लिए<br>(i) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर सद्दश्य पद पर हो, या<br>(ii) [वेतन मैट्रिक्स (पे बैंड 3: 15600-39100/-रू. और 5400/-रू. ग्रेड (पूर्व संशोधित)] में लेवल 10 (56100-177500 रू.) में नियमित आधार पर नियुक्ति के पश्चात प्रदत्त ग्रेड में 5 वर्षों की नियमित सेवा अथवा मूल संवर्ग या विभाग में समतुल्य। | हां/नहीं। |
| और | |
| ख. निम्नलिखित में पांच वर्षों का अनुभव हो। | |
| (i) संविदा दस्तावेजों और आपूर्ति ऑर्डरों को | हां/नहीं |

| | |
|---|---|
| तैयार और जारी करने तथा क्रय और आपूर्ति संबंधी संविदागत मामलों की देखभाल करने का 5 वर्षों का अनुभव हो। | |
| यदि हां, तो कृपया अनुभव के वर्षों की संख्या दर्शाएं | |

9. सेवा का कालक्रम में विवरण। यदि नीचे दिया गया स्थान अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित एक अलग शीट संलग्न करें ।

| कार्यालय/संस्थान | धारित पद | से | तक | वेतनमान और मूल वेतन | कार्य की प्रकृति (विस्तार से) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

10. वर्तमान रोजगार का स्वरूप अर्थात तदर्थ या अस्थायी या स्थायी:

11. यदि वर्तमान रोजगार प्रतिनियुक्ति/अनुबंध के आधार पर है, तो कृपया बताएं:

(i) प्रारंभिक नियुक्ति की तिथि :

(ii) प्रतिनियुक्ति/अनुबंध पर नियुक्ति की अवधि :

(iii) मूल कार्यालय/संगठन का नाम और पता जिससे आप संबंधित हैं :

12. अतिरिक्त जानकारी, यदि कोई हो, जिसे आप पद के लिए अपनी :

उपयुक्तता के समर्थन में उल्लेख करना चाहते हैं ।

(इसमें अन्य बातों के अलावा निम्नलिखित के संबंध में जानकारी

दी जा सकती है)

(i) अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता :

(ii) व्यावसायिक प्रशिक्षण और :

(iii) विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव के अतिरिक्त कार्य अनुभव :

13. क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं :

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों द्वारा समर्थित जीवनवृत्त का भी पद के लिए चयन के समय चयन समिति द्वारा मूल्यांकन किया जाएगा ।

दिनांक :

(आवेदक के हस्ताक्षर)

पताः.............................................

.....................................................

दूरभाष/मोबाइल सं : ..................................

ई-मेलः.................................................................

भाग –ख

आवेदक के संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी/विभाग के उपयोग के लिए

कार्यालय/मंत्रालय/विभाग .......................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | क्या अधिकारी आवेदन की अंतिम तिथि तक पात्रता की शर्त पूरी करते हैं । | हां/नहीं |
| 2.(क) | क्या अधिकारी के विरूद्ध सतर्कता का कोई मामला लंबित है या विचाराधीन है । | हां/नहीं |
| (ख) | क्या प्रस्तावित अधिकारी पर पिछले दस वर्षों के दौरान कोई बड़ी/छोटी शास्ति लगायी गई है । | हां/नहीं |
| (ग) | क्या सक्षम प्राधिकारी द्वारा अधिकारी के लिए संवर्ग की मंजूरी प्रदान की गई है । | हां/नहीं |
| (घ) | क्या सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र संलग्न है । | हां/नहीं |
| 3. | क्या भारत सरकार के कम से कम अवर सचिव के अधिकारी द्वारा पिछले 5 वर्षों की मूल एसीआर/सीआर डोजियर की प्रत्येक पृष्ठ की अनुप्रमाणित स्वच्छ फोटोकॉपी संलग्न है ? | हां/नहीं |

प्रमाण-पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ............................................... नियमित आधार पर सदृश पद धारण करने वाले केन्द्रीय सरकार का अधिकारी हैं/ * वेतन मैट्रिक्स (वेतन बैंड 3: 15600-39100 रु./- वेतनमान + 5400 रु./ संशोधन पूर्व) में स्तर 10 (56100-177500 रु.) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में 5 वर्ष की नियमित सेवा के साथ केन्द्रीय सरकार का अधिकारी हैं । यह भी प्रमाणित किया जाता है कि आवेदक द्वारा अनुबंध – II (भाग-क) में दिए गए विवरण सही है ।

दिनांक:

(अग्रेषण प्राधिकारी के हस्ताक्षर)
कार्यालय:
मुहर:

(*) जो लागू न हो उसे काट दें ।